अंतराष्ट्रीय योग दिवस

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर मे फिजियोलॉजी विभाग, मेडिकल एज्यूकेशन यूनिट व महाविद्यालय के खेल विभाग के सहयोग से योग अभ्यास का आयोजन किया गया जिसमें समस्त छात्र छात्राएं व कर्मचारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया, सर्वप्रथम डॉ अरविन्द नेरलवार विभागाधक्ष पैथोलॉजी विभाग ने योग विशेषज्ञ डॉ. लिखेश्वर साहू (योग मेडिकल अधिकारी) का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तत्पश्चात पूर्व निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार योग अभ्यास कराया गया | कार्यक्रम में बड़ी संख्या मे छात्र छात्राएं, प्रध्यापकगण व कर्मचारियो ने भाग लिया | इस अवसर पर डॉ अरविन्द नेरलवार विभागाधक्ष पैथोलॉजी विभाग ने छात्र छात्राओं, को दैनिक जीवन में योग के महत्व के विषय में बताया और इसे नियमित करने कहा जिससे शरीर व मन दोनों स्वस्थ रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. सुमित त्रिपाठी विभागाध्यक्ष फिजियोलॉजी विभाग ने किया | कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुमित त्रिपाठी विभागाध्यक्ष फिजियोलॉजी विभाग, डॉ कमलेश जैन, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग, डॉ नम्रता फिजियोलॉजी विभाग, डॉ कुशाल चक्रवर्ती एनाटोमी विभाग, डॉ. सुधीर राजपाल खेल अधिकारी, व फिजियोलॉजी विभाग के समस्त प्राध्यापक, महाविद्यालय के छात्र छात्राएं, व कर्मचारी उपस्थित रहें|

RUN

राष्ट्रीय आयुष मिशन
नि:शुल्क पांच दिवसीय
योग शिविर
RUN

राष्ट्रीय आयुष मिशन
21 जून
निःशुल्क पांच दिवसीय
योग शिविर

Pt. JNM Medical College
Raipur (C.G.)
Organized by :
Medical Education Unit
Department of Physiology
Physical Education & Sports
Yoga for Harmony & Peace